सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 220 | इंदौर, सोमवार 23 फरवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# मालवा की अनुकूल भौगोलिक स्थिति और सुदृढ़ अधोसंरचना से औद्योगिक विकास को मिली नई गति : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### राज्य सरकार औद्योगिक एवं उभरते क्षेत्रों में नई ऊँचाइयाँ तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध

- पीथमपुर इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव में 40 वर्षों की औद्योगिक यात्रा का उत्सव
- औद्योगिक उत्कृष्टता सम्मान एवं मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास गान का प्रदर्शन
- मुख्यमंत्री, पीथमपुर इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव एवं पुस्तक विमोचन समारोह में हुए सम्मिलित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के औद्योगिक विकास में मालवा का अपना विशिष्ट महत्व है। मालवा क्षेत्र की अनुकूल जलवायु और भौगोलिक स्थिति उद्योगों के लिए अत्यंत उपयुक्त है। दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों तक 8-लेन एक्सप्रेस-वे से दूरी कम होने से यातायात और लॉजिस्टिक्स की सुविधाएं सुदृढ़ हुई हैं। प्रदेश सरकार द्वारा नए प्रोजेक्ट्स के माध्यम से परिवहन और आधारभूत संरचना को और मजबूत किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर में पीथमपुर औद्योगिक संगठन द्वारा पीथमपुर इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव एवं पुस्तक विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उद्योग, महिला, किसान और गरीब—हर वर्ग के विकास की बयार देश में बह रही है। विभिन्न वैश्विक संगठनों के साथ व्यापारिक समझौते और नई ट्रेड डील्स के माध्यम से भारत निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर होकर विश्व पटल पर अपना परचम लहरा रहा है। देश व्यापार और वाणिज्य के स्वर्णिम काल की ओर बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। उद्योगों का दायरा निरंतर विस्तारित किया जा रहा है, जिससे औद्योगिक विकास की अवधारणा केवल पीथमपुर तक सीमित न रहकर पूरे प्रदेश और देश में नए आयाम स्थापित करे। हमारी सरकार प्रदेश को औद्योगिक क्षेत्र में नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने तथा अंतरिक्ष जैसे उभरते क्षेत्रों में भी संभावनाओं को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एमपीआईडीसी के माध्यम से इंडस्ट्रियल बेल्ट के समग्र विकास के प्रयास प्रदेश को नई उपलब्धियां प्रदान करेंगे। ये प्रयास मध्यप्रदेश को औद्योगिक रूप से फ्रेंडली प्रदेश बनाने में कारगर सिद्ध होंगे और उद्यमशीलता के विकास को नई दिशा देंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. गौतम कोठारी ने साहित्य की साधना के माध्यम से पीथमपुर की 40 वर्षों की भावपूर्ण यात्रा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया है। वर्ष 1983-84 के दशक में जब मूलभूत सुविधाओं का अभाव था, तब भी पीथमपुर की औद्योगिक बेल्ट ने संघर्ष, परिश्रम, धैर्य और नवाचार के बल पर अपनी पहचान स्थापित की। आज फार्मास्युटिकल से लेकर ऑटोमोबाइल तक हर क्षेत्र में पीथमपुर ने देश और प्रदेश में विशिष्ट स्थान बनाया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी के क्षेत्र में समर्पित Institute of Chartered Accountants of India (ICAI) भवन की स्थापना की सराहना करते हुए कहा कि यह भवन वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और पेशेवर उत्कृष्टता को नई मजबूती प्रदान कर रहा है।






### 40 वर्षों की विकास यात्रा पर आधारित स्मारक ग्रंथ का विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र की 40 वर्षों की विकास यात्रा पर आधारित पीथमपुर औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष डॉ. गौतम कोठारी द्वारा लिखित स्मारक ग्रंथ "Pithampur: Zero to Zenith – A Journey of 40 Years" का विमोचन किया। यह ग्रंथ पीथमपुर की औद्योगिक उत्कर्ष गाथा, उपलब्धियों एवं क्रमिक विकास का विस्तृत दस्तावेज प्रस्तुत करता है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव का सम्मान

पीथमपुर औद्योगिक संगठन द्वारा प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने एवं निवेश संवर्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों हेतु मुख्यमंत्री डॉ. यादव का सम्मान किया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर प्रदेश के औद्योगिक विकास में उनके नेतृत्व एवं प्रतिबद्धता के लिए साधुवाद दिया गया।

### 'एंकर्स ऑफ इंडस्ट्रियल एक्सीलेंस' सम्मान प्रदान

प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई दिशा देने एवं निवेश प्रोत्साहन हेतु किए गए प्रभावी प्रयासों के लिए "एंकर्स ऑफ इंडस्ट्रियल एक्सीलेंस" सम्मान प्रदान किया गया। विशेष रूप से पीथमपुर औद्योगिक संगठन (PAS) के संस्थापक सदस्यों—वर्ष 1980 के मध्य से 1990 के मध्य तक—के 40 अग्रणी उद्योगपतियों को उनके दूरदर्शी नेतृत्व एवं औद्योगिक नगरी की सुदृढ़ नींव रखने में योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

### 'मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास गान प्रदर्शित

कार्यक्रम के दौरान मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास का गान का औपचारिक प्रदर्शन किया गया। यह प्रेरक गान पीथमपुर औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष डॉ. गौतम कोठारी द्वारा निर्मित है, जो प्रदेश के औद्योगिक विकास की प्रेरणादायी तस्वीर प्रस्तुत करता है।

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती सावित्री ठाकुर, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद इंदौर श्री शंकर लालवानी, महापौर इंदौर नगर निगम श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं प्रदेश के उद्योग जगत, निवेशकों, नीति-निर्माताओं एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# 'एआई समिट में भारत की क्षमता की दुनिया में तारीफ हुई'

### पीएम मोदी ने कहा- पूरी मानवता को फायदा होगा



नई दिल्ली, (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि हाल ही में संपन्न एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में भारत की क्षमता की पूरी दुनिया ने दिल खोलकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह साबित करता है कि तकनीक के क्षेत्र में भारत के युवा प्रतिभाओं की सोच मानवता के लिए फायदेमंद साबित होगी। पिछले सप्ताह नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का समापन 'एआई इम्पैक्ट पर नई दिल्ली घोषणा' को अपनाने के साथ हुआ। यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा, 'दिल्ली में आयोजित ऐतिहासिक एआई समिट में पूरी दुनिया ने भारत की क्षमता की दिल खोलकर सराहना की। यह दर्शाता है कि तकनीक के क्षेत्र में हमारे युवा टैलेंट की सोच पूरी मानवता के लिए बहुत लाभकारी साबित होने वाली है।' एआई समिट के 'नई दिल्ली डिक्लेरेशन' को 89 देशों और अंतराष्ट्रीय संगठनों का समर्थन प्राप्त हुआ है, जो आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण के लिए एआई के उपयोग पर व्यापक वैश्विक सहमति को दर्शाता है। नई दिल्ली में आयोजित एआई सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा, स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाइ पार्मेलिन सहित दुनिया भर की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शामिल हुए।

# नेपाल में यात्री बस के नदी में गिरने से 18 लोगों की मौत

### कई घायल, विदेशी पर्यटक भी थे सवार



काठमांडू, (एजेंसी) नेपाल के धादिंग जिले में सोमवार तड़के एक भीषण हादसा हुआ। पोखरा से काठमांडू जा रही एक यात्री बस त्रिशूली नदी में जा गिरी। इस हादसे में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक घटना भारतीय समयनुसार रात करीब एक बजे चिनाधारा क्षेत्र के पास हुई। बस में करीब 40 से 45 से अधिक यात्री सवार थे। इनमें कुछ विदेशी पर्यटक भी सवार थे।

बताया जा रहा है कि मृतकों की संख्या 18 है। इनमें छह महिलाएं और 11 पुरुष शामिल हैं। हादसे में 25 से 27 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घायलों में आठ महिलाएं, 18 पुरुष और एक नाबालिग लड़की शामिल है।

बस पृथ्वी राजमार्ग पर चल रही थी। बताया जा रहा है कि बेनीघाट रोरांग ग्रामीण नगरपालिका-5 के भैसेपाटी इलाके के पास बस अचानक अनियंत्रित हो गई। वाहन सड़क से फिसलकर करीब 300 मीटर नीचे ढलान से होते हुए नदी किनारे जा गिरा। बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हालत में मिली। पुलिस ने कहा कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक आशंका है कि चालक ने नियंत्रण खो दिया या सड़क की स्थिति खराब थी। बस में क्षमता से अधिक यात्री होने की भी जांच की जा रही है। प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी है।

● ग्लोबल काबुली चना कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

# कृषि और खाद्य प्रसंस्करण में निवेश बढ़ेगा, प्रदेश को बनाएंगे अग्रणी राज्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश कृषि के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश दलहन एवं तिलहन उत्पादन में भी देश का अग्रणी राज्य है। प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए सरकार पुरजोर प्रयास कर रही है। उन्होंने निवेशकों का आह्वान करते हुए कहा कि खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना में निवेश करें, राज्य शासन द्वारा हर संभव मदद प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को उद्योग का दर्जा दिया जाएगा।**




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार इंदौर में आयोजित ग्लोबल काबुली चना कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक रमेश मेंदोला तथा गोलू शुक्ला, गौरव रणदीवे, सावन सोनकर, सुमित मिश्रा, जयपाल सिंह चावड़ा, श्रवण चावड़ा, संजय अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में कृषि आधारित उद्योग बढ़ाने सहित खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश सरकार किसान, उद्योग और व्यापार तीनों को साथ लेकर विकास का नया मॉडल तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित किया जाएगा और इसके लिए शासन की ओर से पूर्ण सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि चना भारतीय भोजन का अभिन्न हिस्सा है और विशेष रूप से शाकाहारी समाज के लिए यह पोषण का बड़ा स्रोत है। दुनिया में दाल उत्पादन और उपभोग दोनों में भारत अग्रणी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के हित संरक्षण और कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं तथा वैश्विक स्तर पर भी किसानों का पक्ष मजबूती से रखा जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने किसानों और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए पांच वर्ष का रोडमैप तैयार किया है। उद्योग स्थापना के लिए नियमों का सरलीकरण किया गया है। भूमि, बिजली, पानी और करों में रियायत दी जा रही है तथा श्रम आधारित उद्योगों के लिए प्रति श्रमिक 5 हजार रुपये प्रतिमाह तक सहायता का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में राज्य के बजट को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 के बाद प्रदेश में सिंचाई के रकबे में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे कृषि उत्पादन क्षमता बढ़ी है और किसानों की आय में सुधार हो रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उद्योगपतियों का सम्मान भी किया। समिट में देश-विदेश के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## मंत्री तुलसी सिलावट ने किया श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने रविवार सांवेर विधानसभा क्षेत्र के सिंगापुर टाउनशिप पुलिस चौकी के सामने इन्दौर में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया।**

बुंदेलखण्ड पीठाधीश्वर महंत श्री सीताराम दासजी महाराज का स्वागत कर उन्होंने कहा कि जहां धार्मिक आस्था और भक्ति का अनूठा संगम हो, वहां सनातन और संस्कृति का विस्तार होता है, यह कथा हमारी संस्कृति की प्रेरक रही है। हम सनातन विचारधारा के लोग है, जिसके कारण हमें आध्यात्मिक ऊर्जा और शक्ति मिलती और भक्ति भाव से राष्ट्रहित, धर्मरक्षा और जनसेवा से सामाजिक क्षेत्रों का विकास करते है।

मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि कथा व्यास बुंदेलखण्ड पीठाधीश्वर महंत श्री सीताराम दासजी महाराज के मुखारबिन्द से श्रीमद् भागवत कथा में धार्मिक आस्था और भक्ति का अनूठा संगम सिंगापुर टाउनशिप पुलिस चौकी के सामने इन्दौर में देखने को मिलेगा। कथा का आयोजन 22 से 28 फरवरी तक रहेगा। आज भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भक्ति भाव से भाग लिया। कलश यात्रा में घोडा-बग्गी, बैण्ड, भजन-कीर्तन, बाल मनोहारी झांकियां और धार्मिक उत्साह का माहौल देखने को मिला। कथा पश्चात प्रतिदिन भण्डारे का आयोजन होगा जिसमें सभी श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरित की जाएगी।

किसान कल्याण की बात युवाओं के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

## नवाचार और तकनीक से मध्यप्रदेश को अग्रणी कृषि राज्य बनाया जायेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि युवा कृषि क्षेत्र में नवाचार और तकनीक के साथ आगे आएंगे तो मध्यप्रदेश न केवल खाद्यान्न उत्पादन में बल्कि कृषि आधारित उद्योगों, जैविक उत्पादों और एग्री-एक्सपोर्ट में भी देश में अग्रणी स्थान प्राप्त करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर के बास्केटबाल काम्पलेक्स में एक निजी मीडिया संस्थान द्वारा आयोजित "किसान कल्याण की बात युवाओं के साथ" कार्यक्रम में रूबरू हुए। साथ ही युवा किसानों व विशेषज्ञ किसानों से संवाद किया। कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में युवाओं की भूमिका को सशक्त बनाना, किसान कल्याण की नीतियों पर संवाद स्थापित करना, आधुनिक खेती और तकनीक को बढ़ावा देना था।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रश्नों के जवाब में कहा कि मध्यप्रदेश कृषि के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है और राज्य को देश का अग्रणी कृषि राज्य बनाने की दिशा में सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। यह वर्ष कृषि और किसानों को समर्पित कर किसान कल्याण वर्ष मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा, किसान, कृषि वैज्ञानिक एवं उद्यमी उपस्थित थे। कार्यक्रम में युवा किसान और कृषि क्षेत्र से जुड़े युवा प्रतिनिधियों ने कृषि क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर मुख्यमंत्री जी से सीधे संवाद भी किया। इस दौरान रोबोट द्वारा भी मुख्यमंत्री जी से कृषि विकास को लेकर प्रश्न किया गया। जिसका जवाब देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवाओं से कहा कि यदि वे नई तकनीक, ड्रोन, जैविक खेती, फूड प्रोसेसिंग और कृषि आधारित उद्योगों से जुड़ेंगे, तो न केवल अपनी आय बढ़ा सकेंगे बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाएंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कृषि में युवाओं की भागीदारी से उत्पादन, गुणवत्ता और निर्यात में वृद्धि संभव है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों और युवाओं के हित में विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका लाभ लेकर युवा आत्मनिर्भर बन सकते हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा कर सकते हैं। प्रारंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फीता काटकर "किसान कल्याण की बात युवाओं के साथ" कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर युवाओं द्वारा लगायी गई कृषि आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नई तकनीकों जैसे ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित कृषि प्रबंधन, स्मार्ट सिंचाई प्रणाली और डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से कृषि को आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है। भावांतर योजना के तहत किसानों को समर्थन मूल्य के अंतर की राशि प्रदाय की जा रही है। सरकार द्वारा कृषि स्टार्टअप को प्रोत्साहन, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सब्सिडी योजनाएं तथा किसान उत्पादक संगठनों को सशक्त बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर मिल सकें। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसान कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए फसल बीमा, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी, कृषि यंत्रीकरण, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना और निर्यात को बढ़ावा देने जैसे कदम उठा रही है।

प्रदेश ने गेहूं, सोयाबीन, चना और अन्य फसलों के उत्पादन में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने बताया कि सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, नर्मदा परियोजनाओं के माध्यम से जल उपलब्धता बढ़ाने, माइक्रो इरिगेशन को प्रोत्साहन, जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा फसल विविधीकरण जैसी पहलों से किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा रही है।

# बीआरटीएस के बस स्टॉप-रैलिंग तोड़ने में ठेकेदारों ने दिखाई रूची

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में बीआरटीएस की रैलिंग और बस स्टॉप को तोड़ने को लेकर नगर निगम को कोर्ट से फटकार लग चुकी है। पहले इसकी रैलिंग को तोड़ने का काम तो हुआ, लेकिन बाद में ठेकेदार ने काम छोड़ दिया। इसे लेकर फिर से दो अलग-अलग टेंडर किए गए थे। उसमें एजेंसियां आई है। सोमवार को इसकी फाइलें बुलवाई है।**

कोर्ट के निर्देश के बाद BRTS को तोड़ने के आदेश के बाद इसे तोड़ने कवायद शुरू की गई थी। मगर ये काम पूरा नहीं हो सका और अभी भी बीआरटीएस की रैलिंग कई जगह लगी हुई हैं। साथ ही बीआरटीएस में लगे बस स्टॉप भी ऐसे ही खड़े हैं। इन्हें हटाने के लिए नगर निगम ने दो अलग-अलग टेंडर किए थे।



जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर ने बताया कि रैलिंग को स्क्वेयर मीटर के हिसाब से तोड़ने का टेंडर निकाला गया था। इसके लिए पांच ठेकेदारों ने इंटरेस्ट दिखाया है, जबकि बस स्टॉप तोड़ने के लिए दस ठेकेदारों ने इंटरेस्ट दिखाया है। राठौर ने बताया कि सोमवार को इसकी फाइल बुलवाई है। इसे लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की जाएगी, जिसके बाद इसका निर्णय लिया जाएगा। बता दें कि बीआरटीएस को हटाने को लेकर नगर निगम अधिकारियों को कोर्ट से फटकार लग चुकी है। बताया जा रहा है कि सोमवार को सभी बातें तय होने के बाद निगम अपनी बात कोर्ट के सामने रखेगा। बता दें कि बीआरटीएस रेलिंग और बस स्टॉप हटने के बाद डिवाइडर भी तैयार किया जाएगा। इसका काम भी साथ-साथ किया जा सकता है।

## शादी का झांसा देकर 40 वर्षीय महिला शारीरिक शोषण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। परदेशीपुरा क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार, उसकी पहली शादी टूटने के बाद उसने दूसरी शादी की थी, लेकिन दूसरा पति शराब के नशे में आए दिन उसके साथ मारपीट करता था। इसके चलते वह उससे भी अलग हो गई और सहेली के साथ रहने लगी।**

इसी दौरान काम के सिलसिले में उसकी पहचान एक युवक से हुई, जिसने उसे किराए के कमरे में रखकर शारीरिक संबंध बनाए, लेकिन बाद में शादी से इनकार कर दिया। परदेशीपुरा थाना पुलिस के मुताबिक 40 वर्षीय महिला की शिकायत पर आरोपी विराज देसाई के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की पहली शादी टूटने के बाद वर्ष 2004 में उसके माता-पिता ने उसकी दूसरी शादी खुड़ैल निवासी एक व्यक्ति से कराई थी। दूसरे पति की पहली पत्नी का निधन हो चुका था और उसके दो बच्चे भी हैं। हालांकि कुछ समय बाद वह शराब के नशे में पीड़िता के साथ मारपीट करने लगा। वर्ष 2021 में दोनों परिवारों की सहमति से पति-पत्नी अलग हो गए थे। कुछ समय तक माता-पिता के पास शिप्रा में रहने के बाद पीड़िता तुकोगंज क्षेत्र में आकर रहने लगी। यहीं काम के सिलसिले में वर्ष 2022 में उसकी पहचान विराज देसाई से हुई। पीड़िता के अनुसार, विराज ने एक दिन उससे कहा कि वह उसे पसंद करता है और बाद में उसे मालवा मिल इलाके में किराए का मकान दिलाया। यहां उसने जल्द शादी करने का भरोसा दिया और बाद में शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। इंकार करने पर उसने जबरन संबंध बनाए। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद आरोपी अलग-अलग जगहों पर कमरे किराए पर लेकर उसे अपने साथ रखता रहा और शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता ने बताया कि 26 मार्च 2025 को जब उसने विराज से शादी की बात की तो उसने उसके साथ मारपीट की और घर छोड़कर चला गया। बाद में कई बार संपर्क करने पर आरोपी ने कहा कि लिव-इन में रहना हो तो रहो, नहीं तो जान से खत्म कर देगा। डर के चलते पीड़िता ने अपने परिवार को पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद शनिवार को उसने इंदौर में थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गर्भ संस्कार शिविर में 100 से अधिक गर्भवती माताओं और उनके परिजनों ने सहभागिता की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में रविवार को आयोजित भव्य गर्भ संस्कार शिविर में 100 से अधिक गर्भवती माताओं और उनके परिजनों ने सहभागिता की। पारंपरिक गोदभराई संस्कार, मातृत्व स्वास्थ्य, संतुलित जीवनशैली और सकारात्मक सोच पर केंद्रित इस आयोजन में सांस्कृतिक गरिमा और पारिवारिक आत्मीयता का विशेष वातावरण देखने को मिला।**



कार्यक्रम का शुभारंभ योग सेशन से हुआ। इसमें योग विशेषज्ञ डॉ. हेमंत शर्मा ने गर्भावस्था के अनुकूल सुरक्षित आसन, प्राणायाम और ध्यान की विधियां सिखाईं। इससे माताओं को शारीरिक सशक्तिकरण के साथ मानसिक शांति का मार्गदर्शन मिला। इसके बाद डॉ. ब्रजवाला तिवारी (गायनोकॉलॉजिस्ट) ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से गर्भावस्था के दौरान आवश्यक सावधानियों और परहेजों की जानकारी दी। डॉ. कनकप्रिया तिवारी ने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। फिजियोथेरेपी सेशन में एक्सपर्टस ने सही दिनचर्या, बैठने-उठने के तरीके और ऐसे अभ्यास बताए जो नॉर्मल डिलीवरी में सहायक होते हैं। डाइटिशियन डॉ. संवेदिता मालवीय ने संतुलित आहार पर प्रभावी प्रेजेंटेशन दिया। कार्यक्रम के दौरान दंपतियों के लिए रोचक फन एक्टिविटीज और गेम्स भी आयोजित किए गए, जिनका सभी ने भरपूर आनंद लिया। पारंपरिक गोदभराई की रस्म डॉ. ब्रजवाला तिवारी और डॉ. कनकप्रिया तिवारी द्वारा निभाई गई, जिसमें कई दंपति भावुक नजर आए। डॉ. तिवारी ने बताया कि अस्पताल द्वारा यह गर्भ संस्कार शिविर 18 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है और अब तक 2 से अधिक दंपतियों को इसका लाभ मिल चुका है। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था केवल शारीरिक अवस्था नहीं, बल्कि भावनात्मक और आध्यात्मिक यात्रा भी है। सकारात्मक वातावरण, संतुलित आहार और नियमित योग का प्रभाव सीधे शिशु के व्यक्तित्व पर पड़ता है। उन्होंनेकहा कि आधुनिक जीवनशैली, देर से शादी और बढ़ते तनाव के कारण सिजेरियन की संख्या बढ़ी है, लेकिन सही मार्गदर्शन, नियमित अभ्यास और समय पर डॉक्टरों देखरेख से सामान्य प्रसव की संभावना को बढ़ाया जा सकता है।

## धमकी देने वाला बदमाश गिरफ्तार पुलिस ने निकाला जुलूस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर।** द्वारकापुरी क्षेत्र में डेढ़ करोड़ रुपए के प्लॉट के बदले व्यवसायी को धमकाने वाले आरोपी को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने व्यवसायी से 40 लाख रुपए देने और पुराने विवाद में समझौता करने के लिए धमकी दी थी। द्वारकापुरी थाना पुलिस ने प्रेम प्रजापति निवासी विदुर नगर के खिलाफ धमकी और अड़ीबाजी का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने उसे क्षेत्र से हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने खुद को छोड़ने के लिए युवा मोर्चा से जुड़े कुछ नेताओं के फोन पुलिसकर्मियों को करवाए। पुलिस पर उसे छोड़ने का दबाव भी बनाया गया, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई जारी रखी। प्रेम ने सौरभ राठौर को किशोर हटकर उर्फ भाऊ के नाम से धमकी दी थी। थाने में भी आरोपी के मोबाइल पर किशोर के इंटरनेट कॉल आते रहे। मोबाइल में किशोर, तब्बू और राजेंद्र नाम से रिकॉर्डिंग मिली है, जिसकी जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार प्रेम के खिलाफ जमीन कब्जा, धोखाधड़ी, मारपीट और हत्या सहित करीब आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसका क्षेत्र में जुलूस निकाला।

# बिजलपुर में तैयार हुआ आधुनिक खेल मैदान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कई वर्षों बाद बिजलपुर में एक आधुनिक खेल मैदान की सौगात खेल प्रेमियों को मिली है। यहां तैयार हुआ आधुनिक एथलेटिक्स ट्रैक और हॉकी एस्ट्रो टर्फ आने वाले समय में राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय खिलाड़ियों को तैयार करने में कारगर साबित होगा। इसे बनने में 10 वर्षों से लंबित स्पोर्ट्स सेंटर का सपना अब हकीकत में बदल गया है। 14 एकड़ भूमि पर विकसित हो रहे इस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की योजना खेल एवं युवक कल्याण विभाग ने एक दशक पहले बनाई थी। जमीन तो विभाग को समय पर मिल गई, लेकिन बजट मंजूर नहीं होने के कारण मैदान का प्रोजेक्ट लंबे समय तक कागजों में ही सीमित रहा। वर्ष 2023 में बजट मंजूरी मिलने के बाद निर्माण कार्य ने गति पकड़ी और अब यह प्रोजेक्ट अंतिम चरण में पहुंच चुका है। कॉम्प्लेक्स में लाल रंग का सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक और आधुनिक हॉकी एस्ट्रो टर्फ तैयार हो चुका है। मार्च माह से यहां खेल गतिविधियां शुरू करने की तैयारी है। परिसर में इंडोर हॉल का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है, जबकि भविष्य में बास्केटबॉल और वॉलीबॉल कोर्ट विकसित करने की योजना है। इसके निर्माण पर 34 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। जल्दी ही यहां खेल संस्थान अपनी गतिविधियां शुरू करेंगे। लोकार्पण के बाद इसे खोला जाएगा। पश्चिमी क्षेत्र में दशहरा मैदान के बाद बिजलपुर में यह दूसरा बड़ा मैदान बनाया गया है।



## तय सीमा से ज्यादा डीजे बजाने पर कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** खजराना थाना क्षेत्र में तेज आवाज में डीजे बज रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ऐप की मदद से साउंड लेवल चेक किया। इसके बाद पुलिस ने गाड़ी और साउंड सिस्टम जब्त कर केस दर्ज किया। रविवार को मामले की जानकारी दी गई। दरअसल, शहर में लोगों की सुविधा और परेशानियों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित समय के बाद डीजे संचालन कर मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम एवं ध्वनि प्रदूषण नियमों का उल्लंघन करने वाले आयोजकों/संचालकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने दिए हैं। इसी कड़ी में खजराना टीआई मनोज सिंह सेंधव ने एक टीम बनाई है, जो क्षेत्र में कार्रवाई कर रही है। मुखबिर से सूचना मिलने पर टीम वेलोसिटी टॉकीज के पास पहुंची, जहां बिना अनुमति डीजे बज रहा था। टीम ने मौके पर पहुंचकर डेसिबल मीटर ऐप के माध्यम से साउंड चेक किया तो वह तय सीमा से अधिक पाया गया।

भगोरिया उत्सव को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जाएगा

# प्रदेश में विकास को बनाया गया है राष्ट्रनिर्माण का आधार : मुख्यमंत्री

**महूगांव में 100 बिस्तरों का नया अस्पताल बनेगा और महूगांव नगर परिषद को मिलेगा नगरपालिका का दर्जा**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर/महू।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में चहुँओर तेज गति से विकास हो रहा है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के संतुलित विकास से ही हम मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हमने विकास को राष्ट्र निर्माण का आधार बनाया है, हम उसी संकल्प को लेकर प्रदेश को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रदेश में हो रहे विकास कार्य आने वाले समय में शिक्षा, पर्यटन और बुनियादी सुविधाओं का नया केंद्र बनाएंगे। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मध्यप्रदेश सरकार विकास के प्रति प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में क्षेत्र में और तेजी से विकास कार्य किए जाएंगे। उन्होंने जनजातीय नायक टंट्या मामा के सम्मान में किए जा रहे कार्यों का भी उल्लेख किया और भगोरिया उत्सव को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाने के निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने महूगांव को सौगात देते हुए यहां 100 बिस्तरों का नया अस्पताल बनाने और महूगांव नगर परिषद को नगर पालिका का दर्जा दिया जाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को इंदौर जिले के महू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत महूगांव में 85 करोड़ रुपये लागत के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की प्रतिमा का अनावरण करते हुए 4.50 करोड़ रुपये की लागत से विकसित नानाजी देशमुख पर्यटक स्थल का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 38 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सांदीपनि शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महू और एक करोड़ रुपये की लागत से निर्मित चंद्रशेखर आजाद सरोवर (काकड़पुरा तालाब) पार्क एवं घाट का लोकार्पण कर सम्पूर्ण क्षेत्र का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख को स्मरण करते हुए कहा कि वे केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि समाज परिवर्तन के महान साधक थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन ग्राम विकास, शिक्षा और स्वावलंबन के लिए समर्पित कर दिया। नानाजी देशमुख का मानना था कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है, और जब गांव मजबूत होंगे तभी राष्ट्र मजबूत बनेगा। उनके द्वारा स्थापित किए गए विकास मॉडल आज भी पूरे देश के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महू क्षेत्र ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और औद्योगिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह क्षेत्र भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली है, वहीं निकट ही जानापाव पर्वत भगवान परशुराम की जन्मस्थली के रूप में भी प्रसिद्ध है। महू क्षेत्र क्रांतिसूर्य टट्या मामा की कर्मभूमि भी रहा है। इस कारण यह पूरा क्षेत्र एक प्रकार से तीर्थ नगरी का स्वरूप लिए हुए है। आज महू और आसपास के क्षेत्रों में तेजी से औद्योगिक विकास हुआ है। चारों ओर उद्योग, कॉलेज, स्कूल और विकास कार्यों को देखकर गर्व की अनुभूति हुई। उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों को विकास में सहभागिता के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र का ज्ञान हमारी प्राचीन परंपरा रही है। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। प्रदेश का सर्वांगीण विकास हो रहा है। हर वर्ग के कल्याण के कार्य हो रहे है। किसानों की आमदनी में वृद्धि की जा रही है। वहीं दूसरी ओर युवाओं को रोजगार के नये अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। प्रदेश का औद्योगिक विकास भी तेज गति से रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान योजना कारगर हो रही है। विधायक सुश्री उषा ठाकुर ने महू विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी और कहा कि महू क्षेत्र में विकास को नये आयाम दिये जा रहे हैं। महू क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं है। इस क्षेत्र में तेजी से पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने बाबा साहब भीमराव अम्बेड़कर, भगवान श्री परशुराम तथा जननायक टट्या मामा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि इन महान विभूतियों से धन्य है। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद सुश्री कविता पाटीदार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय, श्री मधु वर्मा, श्री गौरव रणदिवे तथा श्री श्रवण चावड़ा, श्री कंचन सिंह चौहान, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुश्री यांगचेन भूटिया, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## केंद्रीय मंत्री को गर्ल्स हॉस्टल में कच्ची रोटियां मिलीं



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**निवाड़ी, एजेंसी। केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक रविवार को निवाड़ी के पृथ्वीपुर कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास पहुंचे। निरीक्षण के समय मेस में भोजन तैयार किया जा रहा था। मंत्री खटीक ने भोजन की क्वालिटी चेक की। रोटियां अधपकी मिलीं। पूरी तरह से सिकी नहीं थीं।**

इस दौरान मंत्री खटीक ने हॉस्टल में खाना बनाने वाली महिला को समझाइश दी। उन्होंने कहा कि रोटियां थोड़ी कच्ची हैं। ठीक से सेंकने की जरूरत है। इन बेटियों को अपनी बेटी समझकर भोजन बनाओ और खिलाओ। किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। डॉ. खटीक ने निरीक्षण के दौरान छात्रावास में रह रही छात्राओं से बातचीत की। उन्होंने बिजली व्यवस्था, पेयजल, पलंगों की स्थिति और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। छात्राओं ने अपनी पढ़ाई, दिनचर्या और भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया।

## जबलपुर-भोपाल हाईवे पर बड़ा हादसा, NH-45 पर भरभराकर गिरा पुल,मची अफरा-तफरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी। मध्य प्रदेश की राजधानी को संस्कारधानी से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 45 (NH-45) पर रविवार को एक बड़ा बुनियादी ढांचा संकट खड़ा हो गया। जबलपुर मुख्यालय से महज 30 किमी दूर शहपुरा में बना रेल ओवर ब्रिज (ROB) अचानक भरभराकर गिर गया। महज पांच साल पहले बनकर तैयार हुए इस फ्लाईओवर के टूटने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता और सरकारी महकमों की निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस हादसे के बाद मुख्य मार्ग को बंद कर दिया गया है।**





जबलपुर से भोपाल के बीच सफर करने वाले यात्रियों के लिए रविवार की दोपहर मुसीबत भरी रही। शहपुरा में स्थित फोर-लेन रेल ओवर ब्रिज का चालू हिस्सा अचानक टूटकर गिर गया। गौरतलब है कि इस ब्रिज का एक हिस्सा पिछले साल दिसंबर में ही जर्जर होकर क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसकी मरम्मत के नाम पर उसे बंद रखा गया था। प्रशासन ने दूसरे हिस्से से आवाजाही चालू रखी थी, लेकिन वह भी रविवार को भारी दबाव और खराब गुणवत्ता के कारण ढह गया। अंधमूक बायपास से हिरन नदी तक के 54 किलोमीटर लंबे इस मार्ग का निर्माण मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (MPRDC) की देखरेख में हुआ था। पैकेज-1 के तहत इस मार्ग और फ्लाईओवर पर करीब 628.45 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। निर्माण कार्य नवंबर 2015 में शुरू हुआ था और जनवरी 2020 में इसे पूर्ण घोषित किया गया। हैरानी की बात यह है कि अभी यह पुल अपने गारंटी पीरियड में ही था, लेकिन सड़क पर बड़ी-बड़ी दरारें और अब ब्रिज का गिरना साफ तौर पर घटिया निर्माण सामग्री की ओर इशारा कर रहा है। एमपीआरडीसी के कार्यपालन यंत्री (EE) संजय मोरे के अनुसार, निर्माण एजेंसी मेसर्स वागड़ इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड और मेसर्स सोराठिया को खराब गुणवत्ता के चलते करीब एक माह पहले ही ब्लैक लिस्ट कर दिया गया था। वहीं, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अमृत लाल साहू ने स्पष्ट किया है कि भले ही इस मार्ग पर टोल एनएचएआई वसूल रहा है, लेकिन इसका निर्माण उन्होंने नहीं कराया। निर्माण में इतनी खामियां थीं कि एनएचएआई ने अब तक इस मार्ग का हैंडओवर भी स्वीकार नहीं किया है।

## संपादकीय

### सांस्कृतिक गौरव की पुनर्स्थापना: राष्ट्रपति भवन में 'राजाजी उत्सव'

राष्ट्रपति भवन में आज 'राजाजी उत्सव' मनाया जाएगा। इसके तहत स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण राष्ट्रपति भवन परिसर के केंद्रीय प्रांगण में किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 131वें एपिसोड सी. राजगोपालाचारी का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के दौरान 'पंच-प्राण' के लिए किए गए अपने आह्वान को याद किया। पीएम मोदी ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान मैंने लाल किले से 'पंच-प्राण' की बात की थी। उनमें से एक है गुलामी की मानसिकता से मुक्ति। आज देश गुलामी के प्रतीकों को पीछे छोड़ते हुए भारतीय संस्कृति से जुड़े प्रतीकों को महत्व देने लगा है। हमारे राष्ट्रपति भवन ने भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रधानमंत्री ने राजगोपालाचारी के सार्वजनिक जीवन में योगदान पर भी प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने बताया कि राजगोपालाचारी स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर जनरल थे। वे उन लोगों में से थे जो सत्ता को पद नहीं बल्कि सेवा मानते थे। सार्वजनिक जीवन में उनका आचरण, संयम और स्वतंत्र सोच आज भी हमें प्रेरित करती है। आजादी के बाद भी औपनिवेशिक काल के प्रतीकों के बने रहने पर खेद व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ब्रिटिश प्रशासकों की मूर्तियां दशकों तक राष्ट्रपति भवन परिसर में बनी रहीं, जबकि स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रतीकों को वैसी मान्यता नहीं मिली। पीएम मोदी ने कहा कि दुर्भाग्य से, आजादी के बाद भी, ब्रिटिश प्रशासकों की मूर्तियों को राष्ट्रपति भवन में रहने की अनुमति दी गई, लेकिन देश के महानतम सपूतों की मूर्तियों को जगह देने से इनकार कर दिया गया। प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से ब्रिटिश वास्तुकार एडविन लुटियंस की प्रतिमा का जिक्र करते हुए कहा कि राष्ट्रपति भवन में ब्रिटिश वास्तुकार एडविन लुटियंस की एक प्रतिमा भी थी। अब, इस प्रतिमा के स्थान पर राजाजी की प्रतिमा लगाई जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने श्रोताओं को आगे बताया कि राजाजी उत्सव समारोह के अंतर्गत सी. राजगोपालाचारी को समर्पित एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। यह प्रदर्शनी 24 फरवरी से 1 मार्च तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे राजगोपालाचारी के जीवन और विरासत के बारे में अधिक जानने के लिए जब भी संभव हो प्रदर्शनी का दौरा करें।

## सैर सपाटा

मथुरा-वृंदावन की होली के बारे में आपने खूब सुना होगा लेकिन यूपी के अन्य शहरों की मशहूर होली के बारे में जानते हैं। चलिए बताते हैं उत्तर प्रदेश में कहां-कहां अलग ढंग से होली खेली जाती है।

# मथुरा-वृंदावन के अलावा उत्तर प्रदेश के इन 5 शहरों की होली भी है मशहूर

### आप कहां जाने का बनाएंगे प्लान



**उत्तर प्रदेश के खूबसूरत शहर मथुरा और वृंदावन की होली के बारे में आपने खूब सुना होगा लेकिन क्या यूपी के अन्य शहरों की होली के बारे में सुना है। भारत के हर राज्य और हर शहर में होली मनाने की अपनी अलग परंपरा है और लोग इसे खूब एन्जॉय करते हैं। वही मथुरा-वृंदावन में फूल वाली, लट्ठमार, रंगों की होली भी पॉपुलर है, लेकिन उत्तर प्रदेश के कुछ और शहर भी हैं, जो होली के गजब स्टाइल के लिए जाने जाते हैं। इन जगहों पर होली सेलिब्रेट करना आपके लिए यादगार बन सकता है। अगर आप इस बार होली कही और मनाने का प्लान कर रहे हैं, तो कुछ जगहों के बारे में हम आपको बताते हैं।**

### किन शहरों की होली है मशहूर-

#### 1- बनारस की होली

बनारस की होली रंगों वाली नहीं बल्कि चिता की राख उड़ती है। तभी तो वो गाना है होली खेले मसाने में। मसान की होली काफी फेमस है। यहां गंगा के किनारे लोगों का होली पर अलग हुड़दंग देखने को मिलता है। आप काशी की होली में शामिल होने जा सकते हैं।

#### 2- प्रयागराज

प्रयागराज के लोकनाथ की होली उत्तर प्रदेश के बरसाना के बाद दूसरी बड़ी होली मानी जाती है। कहा जाता है यहां पर पीएम जवाहर लाल नेहरू और कवि निराला भी होली खेलने आया करते थे। लोकनाथ में एक ही रंग में हर कोई रंग जाता है और कपड़े फाड़कर एक दूसरे को होली की बधाई देते हैं। प्रयागराज की होली भी देखने लायक है।

#### 3- कानपुर

कानपुर में होली 8 दिनों तक मनाई जाती है। जी हां, कानपुर में लंबी होली खेली जाती है और फिर गंगा मेला के



साथ ये त्योहार खत्म होता है। कहा जाता है कि होली के त्योहार पर लोगों ने दुकानें बंद कर ली थी और ये बात उस वक्त ब्रिटिशर्स को पसंद नहीं आई। उन्होंने दुकानें खोलने को कहा लेकिन लोग नहीं माने। विरोध होने पर अंग्रेजों ने व्यापारी के नेता और कुछ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के विरोध में कानपुर में लोगों ने लगातार होली खेलना जारी रखा और दुकानों को बंद रखा। ऐसे में अंग्रेजों के कारोबार का काफी नुकसान हुआ और सभी को रिहा किया गया। रिहाई अनुराधा नक्षत्र के खास दिन पर हुई और तभी से उस दिन गंगा मेला मनाया जाने लगा। गंगा मेला के अगले दिन कानपुर में मार्केट खुलती है।

#### 4- शाहजहांपुर की जूतम पैजार होली

शाहजहांपुर में 70 साल पुरानी परंपरा के अनुसार आज भी होली मनाई जाती है। शाहजहांपुर में होली से 5 दिन पहले ही सभी मस्जिदों को तिरपाल से कवर कर दिया जाता है और इसकी वजह है कि उनकी दीवारें खराब न हो। यहां पर धर्म को लेकर कोई मसला नहीं है लेकिन अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आज भी लोग जुलूस निकालते हैं। अंग्रेजों के सबसे बड़े अफसर को लॉर्ड कहा जाता था और यहां के लोग उसे लाट साहब कहते हैं। शाहजहांपुर में एक शख्स को लाट साहब बनाकर गधे पर बिठाया जाता है और उसे कालिख पोतकर शहर में घुमाया जाता है।

#### 5- हमीरपुर

उत्तर प्रदेश के शहर हमीरपुर की होली भी कम मशहूर नहीं है। वहां 300 साल पुरानी परंपरा आज भी निभाई जाती है। यहां गांव की महिलाएं एक साथ राम जानकी मंदिर से बारात निकालती हैं और उसमें एक भी पुरुष नहीं होता। फिर एक दूल्हा बारात निकाली जाती है, जिसमें एक व्यक्ति को घोड़े पर बिठाया जाता है और बैंड-बाजा के साथ उसकी बारात निकलती है। बारात के बाद महिलाएं उसका टीका करती हैं और फिर पूरे गांव में होली का पर्व मनाया जाता है।

New Delhi

# भारत का बड़ा नुकसान, दुर्घटनाग्रस्त हो गया एक और तेजस विमान, अब तक 3 खराब

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय वायु सेना (IAF) का एक तेजस लड़ाकू विमान इस महीने की शुरुआत में संदिग्ध ब्रेक फेल होने के बाद अग्रिम मोर्चे के एक एयरबेस पर रनवे से आगे निकल गया। जिससे उसके ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा। आधिकारिक सूत्रों से रविवार को यह जानकारी प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि विमान का पायलट सुरक्षित रूप से बाहर निकल आया।**

पता चला है कि विमान प्रशिक्षण उड़ान भरने के बाद बेस पर लौट रहा था। सात फरवरी को हुई इस दुर्घटना पर भारतीय वायुसेना की ओर से कोई आधिकारिक



बयान नहीं आया है। सूत्रों के अनुसार, इस घटना के बाद भारतीय वायुसेना ने व्यापक तकनीकी जांच करने के लिए लगभग 30 'सिंगल-सीट' तेजस जेट विमानों के पूरे बेड़े को फिलहाल उड़ान भरने से रोक दिया।

तेजस जेट से जुड़ी यह तीसरी दुर्घटना थी। पहली दुर्घटना मार्च 2024 में हुई थी, जब जैसलमेर के पास एक तेजस जेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। दूसरी घटना नवंबर 2025 में हुई, जब दुबई एयरशो में हवाई प्रदर्शन के दौरान एक तेजस जेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल नागेश कपूर ने 11 फरवरी को कहा कि भारतीय वायु सेना अपने बेड़े में नई पीढ़ी के 'और भी अधिक' विमानों को शामिल करने की इच्छुक है। कपूर वायु शक्ति अभ्यास से पहले एक प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

Bihar

## रिसेप्शन पार्टी से निकलते ही दो सगे भाइयों को 20 गोलियों से भूना, 40 साल पुरानी रंजिश में बिछ गई लाशें



**पटना, (एजेंसी)** रिसेप्शन पार्टी से बाहर निकलते ही गोलियों की तड़तड़ाहट खौफ पैदा करने लगी। लोग इधर-उधर भागने लगे। किसी को कुछ समझ में ही नहीं आ रहा था कि आखिर शादी के इस खुशनुमा माहौल में गोलियां कौन चला रहा है। पटना में अपराधी अब उत्सव के माहौल में भी खून की होली खेल रहे हैं। गोपालपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में रविवार की देर रात उस समय कोहराम मच गया, जब एक रिसेप्शन पार्टी से बाहर निकल रहे दो सगे भाइयों को अपराधियों ने निशाना बनाया। मनीष कुमार (32) और मंजीत कुमार (24) पर घात लगाए हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग की। घटना के बाद इलाके में भारी तनाव व्याप्त है। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने पहले भी पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई थी, लेकिन प्रशासन की लापरवाही के कारण आज दो चिराग बुझ गए।

बताया जा रहा है कि घटना रविवार रात करीब 9:15 बजे की है, जब शाहपुर के रहने वाले राजकिशोर राय के बेटे मनीष और मंजीत एक पड़ोसी के रिसेप्शन में शामिल होने गए थे। पार्टी के दौरान ही कुछ लोगों से उनकी बहस हुई थी। जैसे ही दोनों भाई खाना खाकर बाहर निकले, पहले से तैयार अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ 20 गोलियां चला दीं। मनीष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मंजीत ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया।

New Delhi

## राजधानी में स्कूलों को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली के धौला कुआं में आर्मी पब्लिक स्कूल और लोधी रोड पर एयर फोर्स बाल भारती स्कूल को एक ई-मेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस धमकी भरे ई-मेल के प्राप्त होते ही स्कूल प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। तत्काल कार्रवाई करते हुए, स्कूल परिसर को खाली करा लिया गया है और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा गहन जांच की जा रही है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, स्कूल प्रशासन को एक अज्ञात ई-मेल प्राप्त हुआ, जिसमें स्कूल को बम से उड़ाने की चेतावनी दी गई थी। ई-मेल मिलते ही स्कूल प्रबंधन ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित किया। पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर पूरे स्कूल परिसर को खाली कराया और चप्पे-चप्पे की तलाशी शुरू कर दी। छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को बाहर निकाला गया है। जांच में अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। इस घटना के बाद दिल्ली पुलिस ने स्कूल के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस ई-मेल भेजने वाले की पहचान करने के लिए साइबर सेल की मदद ले रही है। फिलहाल, स्कूल परिसर में बम की मौजूदगी की पुष्टि नहीं हुई है।

Bihar

## पूरा बंद हो नहीं तो पहले जैसा रहे, नीतीश के सहयोगी MLA ने शराबबंदी को फेल बता चालू करने की मांग कर दी

**पटना, (एजेंसी)** बिहार विधानमंडल के बजट सत्र में शराबबंदी का मुद्दा गर्म है। विपक्ष के बाद सत्ताधारी दल भाजपा के विधायक विनय बिहारी ने शराबबंदी को फेल बताकर मुद्दे को सुलगा दिया है। उन्होंने कहा है कि शराब धड़ल्ले से मिल रही है। या तो पूरी तरह से बंद कराया जाए या फिर सरकार पहले की स्थिति लागू कर दे। नीतीश कुमार ने 2016 में बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून लाकर राज्य में शराब का किसी भी प्रकार के व्यवहार पर रोक लगा दी थी। तब लाखों लीटर शराब जब्त की गई और लाखों लोग जेल जा चुके हैं। जहरीली शराब पीकर बड़ी संख्या में लोग मौत के शिकार हो चुके हैं। विनय बिहारी के बयान पर राजद और कांग्रेस को सरकार पर हमला करने का मौका मिल गया है। पश्चिमी चंपारण के लौरिया से बीजेपी विधायक विनय बिहारी ने अपनी ही सरकार की शराबबंदी पर सवाल खड़ा कर दिया है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और रालोमो विधायक माधव आनंद के बाद विनय बिहारी के बयान से सियासत सुलग गई है। बेतिया में पत्रकारों से बात करते हुए विनय बिहारी ने भोजपुरी में शराबबंदी पर तंज कसा। उन्होंने कहा है शराब मिलअता, तबे ना लोगवा हिलअता। शराब ना मिली तो लोगवा ना हिली। उन्होंने खुद की सरकार को शराबबंदी की जमीनी हकीकत पर आईना दिखा दिया। भाजपा विधायक ने आगे कहा कि जब मिलता तब बिकता तभी लोग पीते हैं और बेचने तथा पीने वाले जेल जाते हैं।

खेल

# 12 मैचों के बाद हारा भारत, दक्षिण अफ्रीका ने 76 रनों से हराया, सेमीफाइनल की राह हुई मुश्किल

**अहमदाबाद। गत चैंपियन भारतीय टीम को टी20 विश्व कप 2026 में पहली हार का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका ने सुपर आठ चरण में भारत का विजयी अभियान रोका और उसके लिए सेमीफाइनल की राह कठिन कर दी। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 187 रन बनाए। जवाब में भारत की बल्लेबाजी काफी खराब रही और टीम 18.5 ओवर में 111 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह दक्षिण अफ्रीका ने यह मुकाबला 76 रनों से अपने नाम किया।**

भारतीय टीम के लिए एक खिलाड़ी पर निर्भरता रहना भारी पड़ा है। भारत ने ग्रुप चरण में लगभग हर मैच में एक बल्लेबाज के दम पर ही जीत दर्ज की है। यही उसी कमजोर कड़ी साबित हो रही थी और सुपर आठ



के पहले मैच में टीम इंडिया की बल्लेबाजी की कलई खुल गई। भारत की बल्लेबाजी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इतनी खराब रही कि शिवम दुबे को छोड़कर अन्य कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका।

भारत ने 2023 वनडे विश्व कप फाइनल के बाद आईसीसी के किसी टूर्नामेंट में पहला मैच गंवाया है। किसी भी प्रारूप में भारत की आईसीसी टूर्नामेंट में 18 मैचों बाद यह पहली हार है। वहीं, 2024 टी20 विश्व कप से लेकर अब तक इस टूर्नामेंट में भारत ने लगातार 12 मैच जीते थे, लेकिन अब यह सिलसिला टूट गया है। इतना ही नहीं, टी20 विश्व कप में रनों के लिहाज से भारत की यह सबसे बड़ी हार है। वहीं, टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारतीय टीम की रनों के लिहाज से यह दूसरी बड़ी हार है। इससे पहले न्यूजीलैंड ने भारत को 2019 में 80 रनों से हराया था।

1. इस मैच में भारत की हार का सबसे बड़ा कारण उसकी खराब बल्लेबाजी रही।
2. सलामी जोड़ी का लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम को बड़ी शुरुआत नहीं दिला सके जिससे दबाव बढ़ा।
3. भारत ने पावरप्ले में ही तीन विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद टीम के लिए वापसी करना मुश्किल होता चला गया।
4. भारत के लिए इस टूर्नामेंट में मध्य क्रम अपनी भूमिका अच्छी तरह नहीं निभा सका है और इस मैच में भी यही देखने मिला।
5. भारत के लिए एक खिलाड़ी पर निर्भरता भी भारी पड़ी है।

भारत की बल्लेबाजी इस मैच में इतनी खराब रही कि उसके चार बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। ईशान किशन, रिंकू सिंह, वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह का खाता नहीं खुला। वहीं, तिलक वर्मा (1) और अर्शदीप सिंह (1) दहाई अंक के आंकड़े पर नहीं पहुंचे। भारत के लिए सबसे ज्यादा रन शिवम दुबे ने बनाए जो 37 गेंदों पर एक चौका और तीन छक्कों की मदद से 42 रन बनाकर आउट हुए।

सिनेमा

## BAFTA अवॉर्ड्स के मंच पर छा गईं आलिया भट्ट, स्टेज पर आते ही कहा- नमस्कार, फिर हिंदी में धाराप्रवाह



बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट ने ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स अवाइर्स 2026 में अपने डेब्यू से केवल अपने बॉलीवुड फैन्स ही नहीं बल्कि वहां मौजूद विदेशियों का भी दिल जीत लिया। एक तो रेड कार्पेट पर अपने खूबसूरत अंदाज से उन्होंने सबका ध्यान खींच लिया और फिर जब वो मंच पर आईं तो हिंदी में नमस्कार कहते हुए जो कुछ कहा, उसपर तालियां गूंज उठीं। जी हां, आलिया भट्ट की बाफ्टा में एंट्री को लेकर काफी समय से चर्चा थी जो अब पूरा हो गया। आलिया ने इस कार्यक्रम में स्टेज पर बतौर स्पीकर शिरकत की। उन्होंने हॉलीवुड के ग्लैमर को दिखाते हुए बेस्ट नॉन इंग्लिश फिल्म को अवॉर्ड दिया। इससे पहले आलिया ने अपने भाषण से सबका दिल जीता। उन्होंने मंच पर नमस्कार कहते हुए कुछ लाइनें हिंदी में कहीं और फिर उन्होंने अपनी इन बातों को अंग्रेजी में भी समझाया जिसे सुनकर वहां मौजूद लोगों ने खूब तालियां बजाईं। आलिया भट्ट ने बाफ्टा मंच पर बुलाने से पहले होस्ट एलन कमिंग ने एक्ट्रेस का एक शानदार परिचय दिया और इसके बाद उन्होंने वहां एंट्री मारी। आलिया ने अपनी छोटी सी स्पीच में कहा, 'अगला अवार्ड एक ऐसी फिल्म के लिए है, जो अंग्रेजी में नहीं है।' कुछ देर रुकने के बाद, उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, 'अभी सबटाइटल देखने की जरूरत नहीं है।' फिर उन्होंने कहा कि वह हिंदी में अगली अवॉर्ड कैटिगरी का परिचय दे रही हैं।

## Highlights

1. 1 lakh commuters to get ₹5 cr toll refund after 32-hour Mumbai-Pune E-way traffic jam
2. Protest at JNU turns violent, video shows students pelting stones
3. India issues advisory for its citizens in Mexico after most wanted drug lord El Mencho killed
4. Pilot brings wife flowers from every country he visits

# AI Impact Summit: Leverage Edu's LE AI transforms education sector, provides global student support

**NEW DElHI, (Agency).** As artificial intelligence becomes more deeply woven into education and career choices, companies at the AI Impact Summit showed how technology is being used beyond chatbots and basic tools.



One company, Leverage Edu, at the event demonstrated how AI is being built into the actual systems that guide students, assess applications, and support universities. The aim is to make study-abroad decisions faster, clearer, and more reliable.

Leverage Edu, a firm that works with students from India and several other countries to help them find universities and courses in different parts of the world, unveiled its product, LE AI, which uses AI as a core infrastructure for global education and talent mobility, rather than as a simple support tool.

Akshay Chaturvedi, founder and CEO of Leverage Edu, told HT that LE AI is embedded directly into high-stakes decision-making processes such as counselling, student evaluation, interviews, and compliance checks.

It is a group of AI tools, with one of them being Vasu AI, a WhatsApp-based coach that answers students' questions and gives guidance based on their grades, background, and eligibility.

Another tool is the LE AI Interviewer, which can conduct student interviews in a structured way, helping universities save time and make fair decisions.

The third, he said, is called the LE AI Quality Compliance Specialist, that checks documents and applications to see if they are complete and genuine.

"Together, these systems position LE AI as foundational AI infrastructure embedded directly into real operational workflows," Chaturvedi said.

He added that these tools are meant to reduce slow, manual work; and make the process clearer and faster for students and institutions.

The company is now working on expanding these AI tools into other areas such as student loans, housing, and careers, so students can get support at every stage, not just admissions.

# IDFC First Bank shares slip 20% after ₹590 crore fraud is detected

**NEW DElHI, (Agency).** Shares of India's IDFC First Bank Ltd. fell by a fifth on Monday after ₹590 crore fraud was detected at its branch in Chandigarh.

IDFC First Bank's share price fell as much as 19.99% to hit an intraday low of ₹66.85 even as the benchmark Sensex rose 0.65%.

The IDFC First Bank fraud in Chandigarh is linked to government bank accounts of Haryana. At least four staff members have been



suspended. A forensic audit is underway. According to UBS, the fraud amount — ₹590 crore — is about 22% of IDFC First Bank's net profit in FY26, even the private lender claimed the impact is just 1% of its net worth. Morgan Stanley saw a 20% hit to the bank's bottom line in FY26.

IDFC First Bank will now have to reassure investors that the issue had not spread to other clients and that the matter did not appear to be systemic, Jefferies said.

# ई-केवायसी अपडेट करने बैंक अफसर बन किया कॉल, फोन नंबर बदल 5 लाख निकाले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। निजी कार कंपनी में डाटा एंट्री का काम करने वाले एक कर्मचारी के बैंक खाते से ठगों ने करीब 5 लाख रुपए निकाल लिए। पीड़ित के अनुसार, आरोपी ने खुद को बैंक कर्मी बताकर ई-केवाईसी अपडेट कराने के नाम पर कॉल किया था।**

कॉल के बाद आरोपी ने पीड़ित का मोबाइल नंबर बदलवाकर उसके बैंक खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए रकम निकाल ली। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने पहले साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। शनिवार को शिकायत थाने पहुंचने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। द्वारकापुरी पुलिस ने स्कीम नंबर-71 निवासी विकास पुत्र कैलाश शुक्ला की शिकायत पर दो मोबाइल नंबरों से कॉल करने वाले अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित विकास एक निजी कार कंपनी में डाटा ऑपरेटर के रूप में काम करता है। उसने पुलिस को बताया कि 13 फरवरी की शाम उसे एक व्यक्ति ने राहुल शर्मा नाम बताकर कॉल किया और खुद को बैंक ऑफ इंडिया से जुड़ा कर्मचारी बताया। कॉल करने वाले ने कहा कि उसके खाते की ई-केवाईसी अपडेट नहीं है।




इसके बाद आरोपी ने एक सॉफ्टवेयर का लिंक मोबाइल पर भेजा, जिसे डाउनलोड करते ही पीड़ित के बैंक खाते से जुड़ा मोबाइल नंबर बदल गया। इसके कुछ ही देर बाद खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए करीब 5 लाख रुपए अन्य खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर हो गए। पीड़ित के मोबाइल पर लगातार ट्रांजेक्शन के मैसेज भी आते रहे। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने पहले साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। शनिवार को उसे द्वारकापुरी थाने बुलाया गया, जहां पुलिस ने दोनों मोबाइल नंबरों के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कॉल कहां से और किस नेटवर्क के जरिए की गई थी।

# पत्नी ने दूसरी शादी करने की बात कही तो युवक ने लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। गांधी नगर क्षेत्र में रहने वाले युवक पप्पू (40) पुत्र उमराव सिंह ने शनिवार शाम घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब उसके बच्चों ने उसे कमरे में फंदे पर लटका देखा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस और परिजनों के अनुसार शनिवार को पप्पू की पत्नी ज्योति से उसकी मोबाइल पर बातचीत हुई थी। बातचीत के दौरान पत्नी ने उसके साथ नहीं रहने और दूसरी शादी की बात कही। इसके बाद पप्पू कमरे में गया और फांसी लगा ली। पप्पू के पिता उमराव सिंह ने बताया कि बेटे के मोबाइल में पत्नी से हुई अंतिम बातचीत की रिकॉर्डिंग मिली है।



पुलिस ने मोबाइल जब्त कर लिया है और रिकॉर्डिंग की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक पप्पू की पत्नी दो साल पहले विवाद के चलते दोनों बच्चों को उसके पास छोड़कर चली गई थी। इसके बाद से पप्पू बच्चों के साथ गांधी नगर में रह रहा था। वह मूल रूप से बड़वानी का रहने वाला था। वह हेम्माली का काम करता था। पुलिस के मुताबिक पप्पू के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# डायल-112 के ड्राइवर को कुत्ते से कटवाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। डायल-112 वाहन पर पदस्थ एक ड्राइवर ने दो लोगों के खिलाफ कुत्ते से कटवाने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ित ड्राइवर का कहना है कि ड्यूटी खत्म कर घर लौटते समय शासकीय बंगले के पास आरोपियों ने अपने पालतू कुत्ते को उस पर छोड़ दिया।**

परदेशीपुरा थाना पुलिस ने शुभम पिता धनेन्द्र पांडे, निवासी मालवीय नगर की शिकायत पर धन्नालाल मेडा और सुनील मेडा, निवासी परदेशीपुरा पुलिस लाइन के पास, के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शुभम ने पुलिस को बताया कि वह परदेशीपुरा इलाके में डायल-112 वाहन का ड्राइवर है। रात में ड्यूटी समाप्त होने के बाद वह शासकीय बंगले के पास खड़ी अपनी बाइक लेने जा रहा था। इसी दौरान धन्नालाल और सुनील ने अपने पालतू कुत्ते को उस पर लपका दिया। कुत्ते ने शुभम के दोनों हाथों और पीठ पर काट लिया, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा। शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह कुत्ते को भगाया। इसके बाद आरोपियों से शिकायत करने पर दोनों विवाद करने लगे। पीड़ित थाने पहुंचा, जहां उसका मेडिकल कराया गया। पुलिस ने कुत्ते के मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक